हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 डाइट के विदाई समारोह में गीत-संगीत, समूह नृत्य ...


10 गुमटियों में लटक रहे ताले, सड़क किनारे ...


## खबर संक्षेप

### चक्रवाती हवाएं कमजोर पड़ी तापमान में 3 डिग्री की वृद्धि



**बेमेतरा।** चक्रवाती हवाओं के कमजोर पड़ने के बाद धीरे-धीरे तापमान बढ़ने लगा है, गुरुवार की अपेक्षा शुक्रवार को तापमान में 3 डिग्री का इजाफा हो चुका है। इस दौरान सूरज अपने शबाब में रहा और तीखी किरणों के चलते गर्मी और उमस का दौरा जारी रहा, बताया जा रहा है कि इस दौरान तापमान 40 डिग्री के के करीब रहा। शुक्रवार सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली, सूरज की मौजूदगी की वजह से तापमान भी बढ़ने लगा, दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। इस दौरान लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। वहीं इस दौरान सनबर्न का अंदेशा होने के कारण लोगों को गमछें, चश्में की जरूर पड़ी। खास बात यह है कि इस दौरान न्यूनतम तापमान भी बढ़ने लगा है, और पिछले 4 से 5 दिनों के बीच न्यूनतम तापमान भी 21 से बढ़कर 25 डिग्री पर पहुंच चुका है, ऐसे में रात के समय भी बिना कूलर और एसी के चैन नहीं मिल रहा है। शुक्रवार को जिले का तापमान 39.3 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम जानकारों के मुताबिक चक्रवाती हवाओं का प्रभाव दक्षिण क्षेत्र में देखा जा रहा है, ऐसे में प्रदेश के 12 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, इस दौरान अंधड़ चलने और गरज चमक के साथ बारिश होने का अंदेशा बना हुआ है।

# बेमेतरा के खिलाड़ियों ने वुशू चैंपियनशिप में दिखाया दम, जीते 11 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डोंगरगढ़ में आयोजित 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय वुशू चैंपियनशिप सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर वर्ग में द वारक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ डिफेंस एकेडमी, बेमेतरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 5 से 7 मई तक सेंट विंसेंट पल्लोटी इंटरनेशनल आवासीय विद्यालय में आयोजित हुई, जिसमें राज्य के 20 जिलों से लगभग 210 खिलाड़ी, 45 प्रशिक्षक-प्रबंधक एवं 30 अधिकारीगण शामिल हुए। बेमेतरा से 11 खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया, जिनमें 9 बालक एवं 2 बालिकाएं थीं। इन खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। अकादमी के संस्थापक एवं निर्देशक भानुप्रताप साहू ने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि कोच की भूमिका में टीम का मार्गदर्शन भी किया। टीम मैनेजर की भूमिका में सत्या राजपूत रही।

**20 जिलों से लगभग 210 खिलाड़ी, 45 प्रशिक्षक-प्रबंधक एवं 30 अधिकारीगण शामिल हुए**



### तलौ इवेंट में भानुप्रताप साहू ने दिया दम

इससे पहले भानुप्रताप साहू ने मार्च में बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में आयोजित 8वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप में तलौ इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। इस उपलब्धि पर द वारक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ डिफेंस एकेडमी, बेमेतरा को क्षेत्रीय समाज, अभिभावकों और खेलप्रेमियों की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दी जा रही हैं। संस्थान के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए एडवोकेट विवेक पोल, एडवोकेट भाग्यश्री पोल, शिल्पा राठी, डॉ. रमेश धनगर, नम्रता साहू और गीतांजलि डिंगरा सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया है।

**कार्रवाई**

### बजरंग दल और गौ सेवकों की निशानदेही पर पुलिस ने की कार्रवाई

# गौ सेवकों की सक्रियता से 25 मवेशियों से लदा ट्रक जब्त व तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

क्षेत्र में मवेशी तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल करते हुए गौ सेवकों ने अपनी सतर्कता और साहस से तीन तस्करों को पकड़वा दिया।

- तस्करों की बेरहमी के कारण एक गाय की हुई मौत

नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम गांगपुर में घटित इस घटना में 25 नग मवेशी से भरे ट्रक को जब्त किया गया, जिसमें एक गाय की मौत हो चुकी थी और अन्य मवेशी अमानवीय अवस्था में ठूंसे गए थे। इस पूरी कार्यवाही में नवागढ़ के बजरंग दल संयोजक व गौ सेवक रमेश यादव तथा उनके साथियों की भूमिका निर्णायक रही।

बुधवार की रात लगभग 9 बजे रमेश यादव को मोबाइल पर सूचना मिली कि ग्राम गांगपुर में एक ट्रक में मवेशी भरकर उन्हें कत्लखाने ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने एक पल की देर किए बिना अन्य गौ सेवकों को जानकारी दी और सभी मिलकर बिना हथियार, बिना संसाधन, सिर्फ साहस और धर्म भावना के बल पर उस दिशा में रवाना हुए। ग्राम गांगपुर की सीमा में पहुंचने पर एक संदिग्ध ट्रक सामने से आता दिखाई दिया। ट्रक को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन चालक ने ट्रक को तेज रफ्तार में भगाकर नवागढ़ की ओर मोड़ दिया।

गौ सेवकों ने बिना किसी पुलिस सहयोग के रात के अंधेरे में ट्रक का पीछा शुरू किया। यह पीछा करीब 25 किलोमीटर तक चला, जिसमें ट्रक नवागढ़ से होते हुए बेमेतरा की ओर भागा। ग्राम खपरी तालाब के पास ट्रक का टायर फट गया और वाहन एक पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर



**आरोपियों को पुलिस को सौंपा**

इस पूरे घटनाक्रम की सूचना गौ सेवकों ने तत्काल पुलिस को दी। बाद में नवागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक सहित दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में लिया। तीसरे आरोपी की पहचान ग्राम गांगपुर निवासी राजू सतनामी के रूप में हुई, जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया।

### आरोपी जेल दाखिल

"हमें मवेशी तस्करी की सूचना मिलते ही टीम को सक्रिय किया गया। गौ सेवकों की सतर्कता और साहस की वजह से ट्रक और आरोपी समय रहते पकड़ में आ गए। वाहन में 25 मवेशी अमानवीय स्थिति में ठूंसे गए थे, जिनमें एक गाय की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। तीनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है ताकि मवेशी तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।"

- **अलील चंद,** थाना प्रभारी नवागढ़

# जिला अध्यक्ष छाबड़ा ने पदभार सम्भाला कांग्रेस को मजबूत बनाने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतर

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने शुक्रवार ने जिले भर से आए कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का पदभार विधिवत रूप से शहर के बेरला रोड पर स्थित राजीव भवन में जाकरपदभार ग्रहण कि। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार एवं पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा श्री छाबड़ा के नेतृत्व में इससे पहले भी जिले कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य किए हैं। दोबारा जिले की बागडोर प्रदेश संगठन ने आशीष छाबड़ा को दिया गया जो बताता है कि वे एक कुशल नेतृत्व कर्ता के साथ ही सब को लेकर चलते हैं।

- पूर्व मंत्री चौबे, रुद्र कुमार एवं गुरुदयाल सिंह बंजारे कार्यक्रम में शामिल हुए

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा पूर्व में भी मैं जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष रहा हूं जिसमें जिले के कांग्रेसि के ▶▶| शेष पेज 11 पर






## खबर संक्षेप

### दुकान में बलात प्रवेश कर लगाई आग, 3 साल की कैद

**भिलाई।** भिलाई-तीन थाना अंतर्गत ग्राम उमदा में दुकान में बलात प्रवेश कर आग लगाने के मामले में आरोपी को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी के न्यायालय से यह आदेश जारी हुआ। प्रकरण के मुताबिक घटना 29 मई 2022 की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थी कमलेश देवांगन की घटना स्थल पर बिजली वायरिंग और हार्डवेयर की दुकान थी। रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। इस बीच आरोपी राजू उर्फ जयलाल सेन (30 वर्ष) ने उसकी दुकान में आग लगा दी। आग से तीन कमरों में रखे सामान जलकर खाक हो गई। पुलिस ने धारा 456 और 436 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायाललय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया। आरोपी को धारा 456 में 3 साल और 5 हजार रुपए, धारा 436 में 3 साल और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही प्रतिकर के रूप में प्रार्थी कमलेश देवांगन को 10 हजार रुपए स्वीकृत किए।

### तीन युवकों से 2 किलो से ज्यादा गांजा जब्त



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलगांव थाना क्षेत्र से रूआबांधा निवासी सागर कण्डरा उर्फ मंग्गा के पास से गांजा रखकर बेचने के लिए घूम रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। आरोपी के पास से 1.60 कि ग्राम बेचने की राशि 5500 रुपए और मोबाइल जब्त किया गया। विवेचना और पूछताछ करने पर सेक्टर 9 अस्पताल सेक्टर निवासी लिंगराज महानंद के पास से 530 ग्राम गांजा नगदी 3 हजार रुपए, मोबाइल और तितुरडीह दुर्ग निवासी अंकुश नायक के पास से 520 ग्राम गांजा नगदी 3 हजार 500 रुपए, मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों से कुल 2.110 किलो ग्राम गांजा व नगदी रकम कुल 44 हजार रुपए, तीन मोबाइल बरामद हुआ।

### चित्रकला में अखिलेश स्वर्ण पदक से सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई के वरिष्ठ चित्रकार अखिलेश कश्यप को मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजा मानसिंह तोमर कला और संगीत विश्विद्यालय के



ललित कला संकाय में स्नातकोत्तर की प्रावीण्य सूची में अखिलेश कश्यप को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चित्रकार वासंती जोशी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। अखिलेश शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में चित्रकला शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें स्वर्ण पदक राजा मानसिंह तोमल कला और संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर के राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में राज्यपाल ने स्वर्ण पदक 122 और शोध उपाधियों से 33 शिष्यो का सम्मान किया।

### मांस बिक्री रहेगी 12 को बंद

**भिलाई।** बुद्व पूर्णिमा 12 मई सोमवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो अर्थदण्ड लगाते हुए जप्ती की कार्यवाही जावेगी।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश की उन्नति में सहायक, रुकेगी पैसों की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**वैशालीनगर कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी का आयोजन इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव आम आदमी एवं राष्ट्र के लिए सहायक सिद्ध होगा। बार-बार चुनाव करने से देश का काफी पैसा एवं समय बर्बाद होता है। इसी प्रकार आदर्श आचार संहिता बार-बार लागू होने से विकास कार्यों की निरन्तरता में बाधा आती है। एक साथ चुनाव कराने से यह बाधा रूक जायेगी। एक राज्य एक चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में सहायक होगा। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यह भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए दीर्घकालिक समाधान हो सकता है। भारत में हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होते हैं। इससे न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है, बल्कि सुरक्षा, प्रशासन और संसाधनों पर भी बोझ पड़ता है। एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्च में भारी कटौती की जा सकती है और इन संसाधनों को देश के विकास में लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रभुनाथ मिश्रा, शंकरलाल देवांगन, वीरेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य अलका मेश्राम, कैलाश शर्मा, सुरेश ठाकुर, अमृतेश शुक्ला, भूमिराज पटेल, महेश अलेंद्र, डॉ चांदनी मरकाम आदि मौजूद थे।




### देश के लिए सबसे गंभीर और विचारणीय विषय

मुख्य वक्ता डॉ. जयराम अय्यर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारे देश के लिए बहुत विचारणीय विषय है। यह विचार पहली बार आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों में लागू था। जब 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। लेकिन बाद में राज्यों के पुनर्गठन और विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण यह व्यवस्था टूट गई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बड़े विजन को लेकर बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भी अपनी बात रखी।

**लापरवाही : गुमटियों की जांच के लिए बनाई गई थी टीम, अब तक पता नहीं**

# गुमटियों में लटक रहे ताले, सड़क किनारे सज रही हैं अवैध दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**बेरोजगार लगा रहे निगम का चक्कर और दुकानों में रसूखदारों का कब्जा**

नगरनिगम द्वारा गुमटियां आबंटन में जमकर लापरवाही की गई हैं। जरूरतमंदो बेरोजगारों को नजरअंदाज कर बांटे गए कई गुमटियों का आज भी ताला नही खुला है। हालात यह है कि, शहर में सडक किनारे फूटपात पर जरूरतमंद दुकान लगाने मजबूर हो गए हैं और यहां रसूखदारों ने गुमटियों में ताला जड दिया है। नगरनिगम द्वारा राजेन्द्र पार्क के पास चौपाटी में दुकान लगाने वाले फूटकर दुकानदारों के लिए गुमटियां बनाई गई थी। यहां दो दर्जन गुमटियां तो तैयार है। लेकिन नगरनिगम ने आज तक इन गुमटियों का आबंटन नही किया गया है। इसके आलावा रविशंकर स्टेडियम के सामने भी पचास से अधिक गुमटियां बनाई गई है। इन गुमटियों का आबंटन तो हो गया है। लेकिन आज भी कई दुकानों में यहां ताला लगा हुआ है। पूर्व में सामान्य सभा की बैठक में अब तक आबंटित गुमटियों की जांच के लिए टीम भी बनाई गई थी। लेकिन टीम ने आबंटन की प्रक्रिया की जाचं को लेकर अब तक रिपोर्ट ही नही सौंपी है।



रविशंकर स्टेडियम के सामने आवंटित दुकान।



राजेंद्र पार्क चौपाटी के सामने दुकानों का नहीं किया गया आवंटन।

### फुटपाथ में नहीं रही दुकानें

शहर में लाखों रूपए खर्च कर नगरनिगम द्वारा गुमटियां बनाई गई है। प्रत्येक गुमटी के लिए एक लाख रूपए खर्च किए गए है। राजेन्द्र पार्क चौपाटी और स्टेडियम के सामने ही साठ से अधिक गुमटियां बनाई गई हैं। वर्तमान में इंदिरा मार्केट के आलावा शनिचरी बाजार, चंडी मंदिर के सामने, नवापारा रोड, गया नगर, रेल्वे स्टेशन रोड में सडक किनारे दुकाने लग रही है। जबकि तैयार गुमटियों में ताला लगा हैं।

### जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

गुमटियों को तैयार करने से लेकर इसके आबंटन की प्रक्रिया में सवाल उठते रहे है। कई बार सामान्य सभा में भी विपक्षीय भाजपा के पार्षदों द्वारा अपात्रों को दुकान आबंटन किए जाने का सवाल भी उठाया था। यहां तक स्पैरों कंपनी को भी दुकान आबंटित किए जाने का आरोप था। निगम ने इस मामले में जांच के लिए कमेटी बनाई थी। जिसमें उपायुक्त मोहेन्द्र साहु, तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित बाजार विभाग के अधिकारी और कुछ इंनीनियर शामिल थे। लेकिन आज तक जांच रिपोर्ट सामने नही आ पाई है।

### शहर के इन इलाकों में गुमटियां

नगरनिगम के रिकार्ड में डेढ सौ से अधिक गुमटियां आबंटित है। जिसमें आईएम चौक 11, लुचकी तालाब चौक 5, मालवीय नगर आरटीओ के सामने 15, तहसील आफिस के सामने 30, एलआईसी आफिस के सामने 26, बाफना मंगलम 4, उतई चौक टैंपो स्टैंड गांधी चौक 53, टप्पा तालाब नयापारा रोड 6, नया बस स्टैंड 1 और धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर में एक शामिल हैं, इस तरह कुल 156 गुमटियां निगम के रिकार्ड में आबंटित होना बताया जा रहा है। जबकि इसमें राजेन्द्र पार्क और स्टेडियम के सामने की दुकानों का कोई रिकार्ड नही हैं। ऐसे में सवाल उठता हैं कि, क्या यहां की गुमटियां नियम के तहत आबंटित किए गए है या नहीं।

### कई वार्ड में गुमटियां हो गईं कबाड़

लाखों रूपए के गुमटियां नगरनिगम द्वारा बांटे गए है। हरिभूमि ने नयापारा रोड में गुमटियों की स्थिति देखी तो यहां कई गुमटियों में जहां आसामाजिक तत्वों का ढेरा पाया गया, वही यहां के गुमटियां कबाड होकर टूट चुकी है। इस तरह निगम ने ऐसे जगह गुमटियों का आबंटन किया हैं, जहां इसका औचित्य ही नहीं हैं।

**हैंडओव्हर नहीं**

"नगरनिगम के पीडब्ल्यूडी विभाग से गुमटियां बनाई गई हैं। हमें इसे हैंडओव्हर नही किया गया है। पूर्व में जांच टीम कांग्रेस सत्ता द्वारा बनाई गई थी। जांच रिपोर्ट की जानकारी लेता हूं।

- शेखर चंद्राकर, प्रभारी बाजार विभाग

# न्यायालय परिसर में लगेंगे 12 नए एसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा के अधिवक्ताओं से आज दुर्ग कोर्ट पहुंच कर वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में उनसे चर्चा कर समर्थन मांगा।

दुर्ग जिला न्यायालय पहुंचे श्री सेन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से विकास कार्यों पर विपरित असर होता है। विकास कार्य रुक जाते हैं। देश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। विकास में लगने वाली रकम चुनाव में खर्च होती है। पूरा प्रशासनिक तंत्र चुनाव में व्यस्त हो जाता है। देश के विकास के लिए वन नेशन वन इलेक्शन बहुत जरूरी है। जिला न्यायालय पहुंचने पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीता जैन, महासचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, हरेंद्र उमरे, राकेश दुबे, ओमप्रकाश शर्मा ने विधायक सेन को बताया कि, भीषण गर्मी के चलते कोर्ट पहुंचने वाले लोग और वकील परेशान हैं। अगर यहां 15 एयर कंडीशनर की व्यवस्था हो जाती तो राहत मिलेगी। इस दौरान विधायक निधि से अधिवक्ताओं ने एसी की मांग की। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि, अगर निधि से एसी में देना चाहूंगा तो उसकी प्रक्रिया होने में 2 से 3 महीने लगेंगे तब तक बरसात आ जाएगी। चूंकि प्रकरण तत्काल पहल का है इसलिए

- **आरोग्यम अस्पताल में इलाज के लिए 40 प्रतिशत की छूट की रखी मांग**

विधायक ने कुछ संस्थाओं और समाजसेवियों से फोन पर बात कर जनसहयोग मांगा।

जिसके परिणाम स्वरूप एक घंटे के भीतर न्यायालय परिसर में कुल 12 एयर कंडीशनर पहुंच गए हैं। श्री सेन ने तत्काल इनके इंस्टालेशन की जवाबदारी अधिवक्ता संघ को दी। श्री सेन के इस फौरी एक्शन पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त कर वन नेशन वन इलेक्शन को अपना पूर्ण सहयोग दिया है।

# आरटीई में त्रुटियां, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आरटीई शिक्षा का अधिकार के तहत गरीब बच्चों के हक अधिकार का हनन और शिक्षा व्यवस्था में हो रहा भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर आप के नेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन हैं। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में कई अभिभावकों ने आज जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह (आईएएस) के समक्ष शिक्षा का अधिकार 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया में हुई, गंभीर त्रुटियों और लापरवाही के विरोध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई। पार्टी ने प्रभावित नोडल केंद्रों (वैशाली नगर, कुरूद, कोहका, जुनवानी, सुपेला, मरोदा आदि) में दस्तावेज़ सत्यापन न होने, योग्य आवेदनों को गलत तरीके से ₹अपूर्ण₹ या ₹अस्वीकृत₹ चिह्नित करने, सर्वेक्षण के बावजूद पोर्टल अपडेशन न किए जाने, और 26 अप्रैल को दर्ज शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। इस दौरान संजीत विश्वकर्मा, देविंदर सिंह भाटिया, गीतेश्वरी बघेल और ज्ञान प्रकाश तिवारी ने जोर देकर कहा कि, शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और प्रशासनिक लापरवाही से किसी बच्चे को वंचित नहीं किया जा रहा है। वंचित बच्चों के पालकों में धर्मेश दमाहे, अनवर, महेश कुमार साहू, नजमा बानो, दिलशाज फातिमा, अजय चंदवानी, शबनम साथ ही आम आदमी पार्टी के नेता संजीत विश्वकर्मा , देविन्दर सिंह भाटिया सहित अन्य शामिल रहे।

# सिविल डिफेंस वॉक मॉक ड्रिल में विधायक चंद्राकर हुए शामिल



**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट में आयोजित सिविल डिफेंस वॉक मॉक ड्रिल अभ्यास में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अभ्यास के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर हमले की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। सायरन की आवाज सुनकर सतर्कता बरतने, ब्लैक आउट की स्थिति में व्यवहार कैसे किया जाए, जैसी उपयोगी जानकारियां दी गईं।चंद्राकर ने कहा कि ऐसे अभ्यास न केवल हमारी जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि आपदा की घड़ी में आत्मरक्षा एवं जन-सहयोग की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने 4 माह में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर नौ मरीजों को पहुंचाया अस्पताल



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने चार माह में नौ मरीजों को ग्रीन कोरिडोर बनाकर अस्पताल पहुंचाया है। जिससे उनका उचित उपचार हो सके और उनसकी जान बचाई जा सके। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि मरीज उपचार के दौरान स्वास्थ्य सुधार न होने पर एम्बुलेंस के माध्यम भिलाई सेक्टर 9 अस्पताल से रामकृष्ण अस्पताल ग्रीन कोरोडोर बना कर पहुंचाया। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सीनियर अधिकारियों के नेतृत्व में ट्रैफिक के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मिलकर ग्रीन कोरिडोर बनाये गया। ग्रीन कोरिडोर व हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से मात्र 40 मिनट में एम्बुलेंस को सेक्टर 9 अस्पताल से मरीज को रायपुर राम कृष्ण अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें हाईवे पेट्रोलिंग 2 के द्वारा पायलेटिंग किया गया। इस साल ट्रैफिक पुलिस ने 4 माह में 9 गंभीर मरीजों को उपचार के लिए ग्रीन कैरिडोर बनाया गया है।

**प्रदर्शन सुधार पर हुई कार्यशाला में बनी कार्ययोजना**

# सिलिका रिडक्शन प्लांट की बढ़ेगी उत्पादकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिलिका रिडक्शन प्लांट की उत्पादकता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शन सुधार कार्यशाला का समापन भिलाई निवास में हुआ। इसमें तकनीकी सत्रों और उच्चस्तरीय चर्चाओं के माध्यम से संचालन प्रणाली को बेहतर बनाने और उत्पाद गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

दल्लीराजहरा सीएसडब्ल्यू प्लांट और सिलिका रिडक्शन प्लांट का एकीकरणः गुणवत्ता और मात्रा के परिप्रेक्ष्य में विषय पर पैनल चर्चा के साथ हुई। सत्र की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय तथा कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी ने की। महाप्रबंधक एस मनोज कुमार ने सत्र का संचालन किया। पैनल में शामिल प्रतिनिधियों तथा सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी), एनएमडीसी, इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी), बीएसपी माइंस, और आरडीसीआईएस के प्रतिभागियों ने विषय पर विचार-विमर्श किया। मेट्सो, एरीज़, वेस्टेक, वियर मिनरल्स तथा आईओसी–राजहरा सहित विभिन्न हितधारक संगठनों द्वारा अनुशंसाएं प्रस्तुत की गईं।

### हाइड्रो सायक्लोन पर चर्चा

कार्यशाला में सिलिका रिडक्शन प्लांट का अनुकूलन विषय पर विचार मंथन सत्र आयोजित हुआ। इसमें फीड पंप, हाई-फ्रीक्वेंसी स्क्रीन, डीस्लाइमिंग हाइड्रोसाइक्लोन, डब्ल्यूएचआईएमएस, टेलिंग व कंसन्ट्रेट थिकनर तथा फिल्टर प्रेस यूनिट्स आदि प्रमुख घटकों की दक्षता सुधारने के लिए तकनीकी समाधान तलाशे गए। सत्र में विशेषज्ञों ने भूमिका निभाई। सत्रों की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व बीके गिरि ने की।



### प्लांट की दक्षता में होगा सुधार

सत्र का संचालन महाप्रबंधक सुकांतो मंडल ने किया। सीईटी, आरडीसीआईएस, आईएमएमटी और बीएसपी माइंस के विशेषज्ञों ने अनुरक्षण रणनीतियों को सुदृढ़ करने हेतु सुझाव दिए।कहा कि यदि इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए, तो सिलिका रिडक्शन प्लांट की कार्यदक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता भी बढ़ेगी। कार्यशाला में सीजीएम आरबी गहरवार ने आभार प्रदर्शन और संचालन उप महाप्रबंधक मुकुल सहारिया ने किया।

# वैशाली नगर विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा गगनचुंबी नारों से ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत



**भिलाई।** पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों में किए गए हमले के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इस बीच वैशाली नगर क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का स्वागत किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है, जिस प्रकार से हमारी माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों ने किया था। रात एक बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर मारा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आज हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व का दिन है। कोई भी ऐसा आतंकी हमला करने की कोशिश करेगा, उसे मुंहतोड़ जवाब देने का यह उदाहरण है। तिरंगा यात्रा देशभक्ति धुन पर शांति नगर, नेहरू नगर, जुनवानी, कोहका, सुपेला, पावर हाऊस, छावनी होते हुए वैशाली नगर पहुंची। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी कर सशस्त्र बल के जवानों और भारतीय सेना पर गर्व जताते हुए देश भक्ति नारे भी लगे।

## खबर संक्षेप

### मातेखेड़ा की भूमिका टॉपटेन में

**छुरिया।** मातेखेड़ा के उपसंपच मनोज साहू की बेटी भूमिका साहु ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की परीक्षा के घोषित परिणाम में छत्तीसगढ़ में टाप टेन में दसवा स्थान प्राप्त किया है। उसे 97.67 प्रतिशत अंक मिले है। भूमिका साहु वर्तमान में प्रयास आवासीय विद्यालय बालोद में अध्ययन कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भूमिका साहु से मुलाकात कर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु, हनीफ कुरैशी, सरपंच गोपाल सेन, भरत कोटेलकर, डोरकण साहु, धनवाराम साहू, तीजु राम साहू उपस्थित थे।



### एथलेटिक्स दिवस का आयोजन

**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में डॉ. राजेन्द्र शर्मा के निर्देशन एवं क्रीडा विभाग के तत्वावधान में विश्व एथेलेटिक्स दिवस का आयोजन रखा गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चौरे ने बताया कि विश्व एथेलेटिक्स दिवस का शुभारंभ 1996 से हुआ है। यह दिवस सभी उम्र के लोगो को एथलेटिक्स गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। डॉ राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि एथेलेटिक्स दिवस के माध्यम से एथलेटिक्स दलों और संगठनों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का अवसर मिलता है। संचालन नरेन्द्र उमरिया एवं अभार प्रदर्शन मेघराज तारक ने किया। इस मौके पर उष्यंत चनाप, दीपिका ध्रुवे, प्रीतिबाला ठाकुर, चैतराम यादव, गैंदलाल सोनकर, इंदिरा इंदु, राजहंस अंबादे आदि उपस्थित थे।



### पर्ची निकालकर छात्रों का चयन

**छुरिया।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल छुरिया में प्रवेश के लिए 8 अप्रैल से 5 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गए थे। निर्धारित सीट से अधिक आवेदन आने पर 8 मई को लाटरी निकालकर छात्रों का चयन किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन, सहायक संचालक बी. संगीता राव,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा. नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम, प्राचार्य धनेशराम सिन्हा, और हिमाचल खिलारी उपस्थित थे। इस बार कक्षा पहली में प्रवेश के लिए सबसे अधिक आवेदन आए थे जिसमें 50 छात्र छात्राओं का चयन लाटरी पद्धति से किया गया।



### 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती, कला संकाय प्रमुख डॉ. आशा चौधरी एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ आरआर कोचे के निर्देशन में कला, वाणिज्य, कंप्यूटर विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस मुख्य वक्ता भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्ग के प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती थे। कला संकाय प्रमुख डॉ. चौधरी ने स्वागत करते हुए अपना उद्बोधन दिया। इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. चक्रवर्ती ने जीवन एवं कार्य में संतुलन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार व्यक्ति आधुनिक युग में व्यस्त होते जा रहा है और कार्यभार बढ़ने के कारण तनाव का शिकार हो रहा है। अंत में डॉ. चौधरी ने मुख्य वक्ता डॉ. चक्रवर्ती को सम्मानित किया। इस अवसर पर अविनाश सिंह, नीलम चतुर्वेदानी, तूलिका चक्रवर्ती, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. येशकृति हजारे, डॉ. सपना परिहार, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, प्रभात बैस, रोशन साहू, रणविजय देवांगन, रिचा अग्रवाल, गोकुल प्रसाद, डॉ. निर्वेद शर्मा, देवश्री देवांगन आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन एचआर पदमे ने किया।



## समाधान शिविर में हो रहा समस्याओं का समाधान

# सुशासन तिहार से लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सुशासन तिहार जनता के लिए काफी सार्थक साबित हो रहा है। एक ही मंच पर हितग्राहियों की समस्याएं और मांगों की पूर्ति की जा रही है। जनता की समस्याओं का निदान होने से उनकी आशा पूरी हो रही है। गत दिनों सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी पात्र 2841 आवेदकों को लाभान्वित किया गया।

जानकारी के अनुसार समाधान शिविर में 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर आवास की चाबी दिया गया। पांच हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार 10 को राशन कार्ड, 10 को मनरेगा जॉब कार्ड, 3 को सुपोषण किट प्रदान किया गया। 2 बच्चों का अन्नप्राशन, दो गर्भवती माताओं का गोद भराई किया गया। एक हितग्राही को मछली जाल, 5 को निक्षय कीट, 5 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार 137 हितग्राहियों को शौचालय स्वीकृति पत्र दिया गया।

### योजनाओं से लाभांवित हो रहे ग्रामीण



**लाभ पहुंचाने शिविर**

इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व में जनता की समस्याओं का निदान करने और महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर लोगों की समस्याओं और मांगों को सुनने के साथ ही निराकरण करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

### कलेक्टर ने लिया जायजा

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने शिविर में शामिल होकर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। शिविर में अनेक हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित किया गया। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला समूह को सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष पुनऊराम फुलकावरे, उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, शांति त्रिपुरे, लक्ष्मी कोसारे, देवकीबाई यादव, जिपं सीईओ भारती चन्द्राकर, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, जनपद सीईओ प्रियंवदा रामटेके सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रशासन ने लोगों के आवेदन का किया निराकरण

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुषासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरण किया गया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष छबिल साहू, तहसीलदार सोनिया मैरीया, एसडीओ वन पूर्णिमा राजपूत, सीएमओ अजय बहादुर सिंग, इंजीनियर टेमन साहू आदि शामिल हुए। शिविर में श्रम विभाग, महिला बाल विकास, वन विभाग, आयुष चिकित्सा, मोबाईल मेडिकल युनिट, परिवहन विभाग, नगर पंचायत, विद्युत विभाग संबंधित आवेदनो का निराकरण किया गया। इस दौरान रमेश यादव, राजेश देवांगन, भुपेन्द्र खोब्रागडे, मृगलाल साहू, योगेश साहू, रामजी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



## बेहतर रहा शिशु मंदिर के परिणाम



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। कक्षा दशम में 67 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में 42, द्वितीय 25 रहे। परिणाम 81 प्रतिशत रहा। टॉप टेन में जेयानी निर्मलकर, पूर्व कुमार डडसेना, याशिका भारद्वाज, टीकम वर्मा, खुशी माली , देविका सिन्हा, राशि सिन्हा, चैतन्य वर्मा, प्रियांशु वर्मा, खुशांत सिन्हा रहे। इसी प्रकार कक्षा द्वादश में 70 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में 49, द्वितीय 21 रहे। परिणाम 82.50 प्रतिशत रहा। टॉप टेन में आदित्य सोनवानी, हर्षिता जंघेल, दिव्य किरण सिन्हा, रेनू साहू, रोहन हठीले, डिंपल यादव, वाणी साहू, विद्या वर्मा, प्रिया पड़ोटी, अनामिका साहू, वैशाली सिन्हा, गीतांजलि मंडावी, भारती निषाद शामिल रही। उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को सुनील जैन, नीलम चोपड़ा, मीना गिरधर, प्रकाश गिरधर, नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने बधाई दी है।

## बेहतर परिणाम से छात्र खुश





**छुईखदान।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम स्कूल एवं पीएम श्री पदुमलाल पुन्नालाल बक्सी हिंदी अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल में परीक्षा परिणाम आने से छात्रों में खुशी की लहर है।

पीएम श्री पदुमलाल पुन्नालाल बक्सी हिंदी अंग्रेज़ी स्कूल में विज्ञान संकाय की मिस्बाह खान ने 88.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रही है। वह एमपी बुक डिपो के संचालक शमशुल होदा खान की भतीजी और नाजिम खान की पुत्री है। मिस्बाह शुरू से उच्च स्थान प्राप्त करते रही है। वह गाइनेकोलॉजिस्ट बनकर महिलाओं की सेवा करना चाहती है। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम स्कूल छुईखदान के छात्र मो अर्श ने आठवी में 90.3प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वह डॉक्टर बनना चाहता है। मो अर्श जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान के पुत्र है। उन्हे शमीम बानो, प्रमिला श्रीवास्तव, रेहाना जरीन, अनिशा सुल्ताना, उरुशा सुल्ताना, शबनम बानो, तरन्नुम निशा, पुरनूर खान, आरफा सुल्ताना, रूमाना सुल्ताना, मो ओवेश, मो आज़म, रियाज अहमद, जोहेब अहमद, नाजिम खान, शरद श्रीवास्तव, नसीम राईनी, फैजान खान, रेहान खान, शेख निजमुद्दीन, शेख इब्राहिम आदि ने मुबारक बाद दिया है।

### कलेक्टर ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान

**मोहला।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गत दिनों 10 वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। कक्षा 10वीं में जिला ने राज्य स्तर पर तीसरा और 12वीं की परीक्षा में पाँचवां स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं के टॉप टेन में श्रेया उपाध्याय ने 95.50 फीसदी, भूमिका 94.83, नविषा कंवर 94.67, भूमिका वर्मा 94.67, कुंती 94.50, भाविका सलामे 94.33, ख्याति कुंभकार 94.17, लक्ष्मी बंदे 97.33, पुष्पांजलि नायक 97.00, मोहित देवांगन 96.33, एवं अखिल कुमार 96 रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में अशोक कुमार 91.60, शारदा 91.40, युवराज सिंह 90.40, प्रियंका साहू 90.40, सैयद रेहान अली 88.40, , जागृति साहू 88.20, कामेश्वरी 88, दिव्या मेश्राम 87.80, वेदिका देवांगन 87.40, शैलेश कुमार 87, यशवंतीण 86.80 शामिल है। इस उपलब्धि पर सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबेदंड में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

## एक ही रात को तीन घरों से लाखों की चोरी, सवालों के घेरे में पुलिस गश्त

- गरीब तबके के घरों में चोरी से लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई के टिकरीपारा में एक ही रात को तीन घरों से एक लाख से अधिक का सोना चांदी और नगद चोरी होने की घटना से सनसनी फैल गई है। इस घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीनों ही घरों के मालिक रोजी-मजदूरी करने वाले हैं। घटना दौरान सभी घर से बाहर थे। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार करन निषाद, तखतराम निषाद और ओमकार वर्मा के घरों में 6 और 7 मई की दरमियानी रात को चोरी हुई। चोरों ने इन घरों से सोने-चांदी के जेवर और नकदी मिलाकर लगभग डेढ़ लाख का माल पार कर दिया है। करन निषाद अपनी पत्नी, बेटी और नतनीन के साथ टेकन देवांगन के ईंट भट्ठे पर काम करने गया था। गत 7 मई को पड़ोसी ने उन्हें घर के दरवाजे का ताला टूटने की सूचना दी। घर लौटने पर करन ने देखा कि कमरे का सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का ताला टूटा हुआ था।

चोर अलमारी से करीब 6 तोला चांदी के करधन, 8 तोला चांदी की साटी, 2 तोला चांदी के चूरे, 2 तोला चांदी की बिछिया और लॉकर में रखे 34 हजार ले गए है। उसके घर से लगभग 49 हजार के सामान की चोरी हुई है। इसी प्रकार तखत राम निषाद अपने दो बेटों के साथ नारायण साहू के ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। उन्हें भी 7 मई को घर का ताला टूटने की सूचना मिली। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि चोर उसके घर से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक मासा सोने की फुल्ली, करीब 3 मासा सोने की पत्ती और लॉकर में रखे 21 हजार 500 रुपए ले गए। लगभग 49 हजार 500 की चोरी हुई।

### श्रमिकों के घरों में चोरों का धावा

जानकारी के अनुसार ओमकार वर्मा अपनी पत्नी और भाई की पत्नी के साथ करीब 15-20 वर्षों से नागपुर में मजदूरी करता है। वह त्योहारों पर ही घर आता है। उसकी पत्नी और भाई की पत्नी 15 दिन पहले रिश्तेदार के घर शादी में आई थीं और अपने-अपने कमरे में जेवर रखकर नागपुर चली गई थीं। घर पर मां फुलबाई अकेली रहती हैं। गत 7 मई को फुलबाई ने फोन कर बताया कि रात में चोर घर में घुसकर दोनों बहुओं के कमरों में रखी पेटी और अलमारियों को तोड़ गए हैं। घर लौटने पर ओमकार ने देखा कि 30 तोला चांदी का करधन और भाई के कमरे की अलमारी तोड़कर 20 तोला चांदी के पायल, 3 ग्राम सोने का खिनवा और 2 ग्राम सोने की अंगूठी, कुल लगभग 48 हजार रुपये का सामान गायब है।

### दीवार फांदकर घुसे चोर

बताया जाता है कि चोर दीवार कूदकर घर में घुसे और अलमारियों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। एक ही रात में तीन घरों में हुई चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## हॉस्पिटल भवन निर्माण की मांग



**डोंगरगढ़।** समाधान शिविर में जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम बोरतलाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है। स्टाफ भी है किंतु भवन के अभाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ नहीं हो पाया है। बोरतलाब के कर्मचारी डोंगरगढ़ में कार्यरत हैं। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को यथावत रखते हुए जल्द भवन निर्माण कराने की मांग किया। कलेक्टर ने बताया कि बजट में ही भवन स्वीकृत हो पाएगा।

## बारहवीं में योगिता, अनन्या रही आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा दसवी और बारहवीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12 वीं अंग्रेजी माध्यम विज्ञान संकाय से योगिता सोनकर ने 87.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, अनुष्का तिवारी ने 87.2 द्वितीय, लोकेश अहीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से अनन्या जैन ने 84.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, प्रीति साहू द्वितीय एवं हिमांशु राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम कक्षा दसवीं में राशि साहू ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम एवं जिले में 16 वाँ स्थान प्राप्त किया। तुलजा साहू द्वितीय एवं सिमरन साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




### लता को मिले सबसे ज्यादा अंक

हिंदी माध्यम 12 वीं विज्ञान संकाय की लता साहू ने 84.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, वंदना ने द्वितीय एवं कामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अनन्या जैन ने 77.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, खुशी द्वितीय एवं दिलेश्वरी सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में तामिनी ने 82.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, हिना निषाद द्वितीय, हिना सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं हिंदी माध्यम में सोनल जनबंधु ने 86.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, माही देवांगन द्वितीय एवं शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सुभाष का सुयश



**राजा भानपुरी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी की कक्षा दसवीं के छात्र सुभाष साहू पिता संतोष कुमार साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 92.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरान्वित किया है। प्राचार्य ज्योति विनोद एवं स्टाफ ने उसे बधाई दी है।

### महाराणा प्रताप के शौर्य को किया नमन



**घुमका।** नगर के महाराणा प्रताप चौक पर राजपूत समाज के लोगों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साह के साथ मनाया। चौक पर स्थापित मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर लोगों ने महाराणा प्रताप और भारत माता का जयकारा लगाया। इस मौके पर जयकरण सिंह, जितेंद्रसिंह बैस, नवनीत सिंह चंदेल, सुनीलसिंह चंदेल, अनिलसिंह चंदेल, तेजकुमार सिंह, दौलत सिंह, पीयूष दुबे, जय वर्मा आदि मौजूद थे। अध्यक्षता कर रहे पत्रकार महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह ने इस मौके पर महाराणा प्रताप के जीवन, देशभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## पेज 9 के शेष

### गौ सेवकों की सक्रियता से 25 ...

बेरहमी से भरे थे मवेशी घटना के बाद चालक और हेल्पर ट्रक से कूदकर भागने की कोशिश करने लगे, पर गौ सेवकों ने अद्भुत फुर्ती और साहस दिखाते हुए दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने कबूल किया कि वे मवेशियों को कत्लखाने ले जा रहे थे। ट्रक में जब गौ सेवकों ने झांका, तो 13 गाय, 2 बैल, 7 बछड़े और 3 बछिया — कुल 25 मवेशी बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरे गए थे। यह दृश्य अत्यंत हृदयविदारक था — जानवरों की आंखों में भय और थकावट थी, और उनमें से एक गाय दम घुटने से मर चुकी थी।

**बजरंग दल का साहस:** इस पूरी कार्रवाई में बजरंग दल के संयोजक रमेश यादव के नेतृत्व में स्थानीय गौ सेवकों ने जो साहस और संगठन का परिचय दिया, वह समाज के लिए प्रेरणास्पद है। बिना किसी हथियार, पुलिस सहायता या सुरक्षा व्यवस्था के, इन गौ सेवकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपराधियों का पीछा किया, उन्हें पकड़ा और दर्जनों मूक पशुओं की जान बचाई। इस घटना ने साबित कर दिया कि यदि समाज सजग हो और धर्मपरायण नागरिकों में संकल्प हो, तो किसी भी अपराध पर समय रहते अंकुश लगाया जा सकता है।

**समाज को संदेश :** नवागढ़ पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ मवेशी संरक्षण कानून और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौ सेवकों की सक्रिय भूमिका से न केवल मवेशी तस्करी का एक मामला उजागर हुआ, बल्कि यह संदेश भी गया कि धर्म, संवेदनशीलता और साहस के सम्मिलित प्रयासों से समाज को अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।

### जिला अध्यक्ष छाबड़ा ...

साथियों का सहयोग मजबूती से मिलता रहा है । भविष्य में भी इस सहयोग का मैं आकांक्षी हूं ।

भाजपा के शासन में अराजकता बढ़ी

श्री छाबड़ा ने वर्तमान भाजपा सरकार पर आक्षेप लगाते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार सत्ता में आसीन हुई है तब से प्रदेश में चारों ओर अराजकता का माहौल बना हुआ है आम जनता बुरी तरह से परेशान है लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है भाजपा सरकार चारों ओर लूट मचा रखी है ।वही उन्होंने कहा वर्तमान भाजपा सरकार की तुलना में आज जनता भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याण नीतियों को याद कर रहे हैं। श्री छाबड़ा ने कहा आने वाले समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बेमेतरा जिले में कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा साथ ही साथ ऊर्जावान लोगों को जिला कांग्रेस कमेटी में स्थान दिया जाएगा जिससे कांग्रेस की विचारधारा को आमजन मानस में विस्तारित किया जा सके ।

पदभार ग्रहण के समारोह मौजूद युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आशीष छाबड़ा के जिला अध्यक्ष पद पर आसीन पर उत्साह का वातावरण बना हुआ हुआ था ।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतों की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## दो सगी बहनें मोनिका व केकती ने किया कमाल



**बेरला।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं की परीक्षा परिणाम बुधवार दोपहर 3-4 बजे जारी किया गया। जिसमें बेमेतरा जिला के विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहभट्ठा के कक्षा 10वीं की छात्रा मोनिका निषाद 83.5 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिससे अपने माता-पिता, गांव व स्कूल का नाम रौशन किया। वही कक्षा 12वीं की छात्रा केक्ती निषाद बायो संकाय में 81.6 प्रतिशत लाकर अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आपको बता दें कि मोनिका और केक्ती दोनों सगी बहन है। इनके माता सुमरित निषाद व पिता बनवाली निषाद अपने दोनों बेटी की अच्छी परिणाम से बहुत खुश है। वही इनके उज्वल भविष्य की कामना व आशीर्वाद दिया गया। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य गजेंद्र वर्मा ने बताया कि दोनों सहित स्कूल के सभी कक्षाओं में बहुत बढ़िया परिणाम आया है। वही स्कूल के इन बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया है। जिनके उज्वल भविष्य के लिए कामना करता हूँ।

## ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के विभोर ने 96.83% अंक के साथ किया टॉप

**बेमेतरा।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्डरी के परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं में 118 विद्यार्थियों में से 90 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 12 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए और विभोर वर्मा ने सामाजिक विज्ञान में एवं चंचल ठाकुर ने गणित में 100 - 100 अंक प्राप्त किये। जिनमें विभोर वर्मा - 96.83%,, ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, कृष्ण कुमार यादव - 96%, चंचल ठाकुर - 95%, श्रेयांश सिंग ठाकुर - 94%, भूपेश साहू - 93.83%, हर्षवर्धन सिन्हा - 93.67%, उमंग खनुजा - 93%, यामिनी पाटिल - 92.83%, निलिशा साहू - 92%, वंश मुंद्रा - 91.67%, एकता साहू - 90.5%, स्नेहा पटेल - 90.5%, का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा इस वर्ष कक्षा 10 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 90%, रहा। कक्षा 12 वीं में 102 विद्यार्थियों में से 58 विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमे गणित संकाय से श्रीति सिंग चंदेल - 91.6%, जीवविज्ञान संकाय से वीना साहू - 90.4%, कला संकाय से पूनम वर्मा - 87.8%, एवं वाणिज्य संकाय से शिखा शुक्ला - 83.8%,प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया । बेमेतरा जिले के हाई स्कूल टॉप टेन में स्कूल के विभोर वर्मा - 96.83%, ने स्थान प्राप्त किया तथा बेमेतरा जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूल टॉप टेन में स्कूल से श्रीति सिंग चंदेल ने - 91.6%, स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. अलका तिवारी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी, आगे भी परिश्रम की निरंतरता बनाए रखने को प्रेरित किया । स्कूल के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों के कठिन परिश्रम एवं समर्पण की सराहना करते हुए लक्ष्य की ओर बढने के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

**समारोह : डाइट श्रेष्ठ शिक्षक बनाने के साथ-साथ श्रेष्ठ मानवीय गुणों का भी निर्माण करती है**

# डाइट के विदाई समारोह में गीत-संगीत, समूह नृत्य बैलून डांस की विद्यार्थियों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मुख्य आतिथ्य में डाइट में अध्ययनरत डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन कर गरिमामय ढंग से विदाई दी गई। विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। डीएलएड प्रथम वर्ष छात्राध्यापिका ऋतु ध्रुव, चंद्रकला साहू ने बहुत सुंदर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन डीएलएड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक कोमल शर्मा और सुमन साहू ने किया। इस कार्यक्रम में डीएलएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए बहुत सुंदर गतिविधियों का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत क्विज, पहेली, सामान्य ज्ञान, रैंप वाकिंग, गीत, संगीत, समूह नृत्य, बैलून डांस, चिट उठाने जैसे विविध गतिविधियां शामिल रहे। बच्चों को संबोधित करते हुए डाइट संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता, इतिहासकार और शिक्षाविद डॉ बसुबंधु दीवान ने कहा शिक्षा के द्वारा ही हमारे संचय का विवेक जागृत होता है। शिक्षा ही हमें संपूर्ण मानव बनाती है साथ ही हमारे अंदर इंसानियत का भाव जागृत होता है।

■ डाइट प्राचार्य घृतलहरे ने जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने मातापिता के सपनों को पूरा करने की शुभकामनाएं दी

### ज्ञान के अहंकार में हमें बहना नहीं है

यह संस्थान श्रेष्ठ शिक्षक बनाने के साथ-साथ श्रेष्ठ मानवीय गुणों का भी निर्माण करती है। हम कहते हैं हमें डॉक्टर बनना है, इंजीनियर बनना है, पटवारी बनना है, ग्राम सहायक बनना है, कलेक्टर बनना है, तहसीलदार बनना है, लेकिन विडंबना है कि कोई यह नहीं कहता कि मुझे एक अच्छा इंसान भी बनना है। जब हम यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके बाहर जाते हैं तो समाज हमसे उच्च व्यवहार की अपेक्षा रखता है। ऐसे में हम श्रेष्ठ गुणों का, व्यवहार का अपने अंदर संचय करें।

ज्ञान के अहंकार में हमें बहना नहीं है। जो अच्छी बातें हैं, समाज उपयोगी बातें हैं उसे ही हमें हृदय में धारण करना है और जीवन में उतारना है और जो गंदी बातें हैं, गलत बातें हैं उन्हें हमें तुरंत ही छोड़ना है। बच्चों में हमें सीखने की ललक पैदा करने की हर समय, हर सम्भव कोशिश करनी चाहिए। यही बच्चे आने वाले समय में आपसे सीखेंगे और आपसे प्रेरणा लेंगे। मुख्य अतिथि की आसंदी से बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने मातापिता के सपनों को पूरा करने की शुभकामनाएं दी। यहां से जाने के बाद भी यह संस्कार, यह प्रेम, यह स्नेह यथावत बनी रहनी चाहिए। हमारी शुभकामनाएं हैं कि आप लोग अपने लक्ष्य को, अपने उच्चतम आदर्श को प्राप्त करें और मिलजुल कर रहने की प्रवृत्ति को अपने जीवन में कभी न भूले, यही हम सब की शुभकामनाएं है।

यहाँ से जाने के बाद भी आप डाइट को याद रखते है तो यहीं हम सबकी उपलब्धि होगी। इसी कड़ी में प्राचार्य ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखण्ड साजा में कार्यरत नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन का भी उल्लेख किया जिन्होंने इस वर्ष डीएलएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के टॉप आने वाले एक एक छात्राध्यापकों को 5001 रुपए की राशि देने की घोषणा की है। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य ने एक बहुत सुंदर साक्षरता गीत भी गया। जिसकी सभी छात्राध्यापकों सहित सभी स्टॉफ ने खूब प्रशंसा की। इस विदाई समारोह को व्याख्याता अनिल कुमार सोनी और उषा किरण पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। वरिष्ठ व्याख्याता और पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी ने कहा कि डीएलएड प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं 2 जून से और द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं 3 जून से प्रारम्भ हो रही है।

यह परीक्षा एक ही पाली में प्रातः 9:00 से 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। अतः आप सब अब तैयारी में जुट जाइये।आप सबके पास अब बिल्कुल भी समय नहीं है। अतः अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना बनाकर कठिन परिश्रम कीजिए। हम सब की शुभकामनाएं आप लोगों के साथ है। विदाई के इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता जी एल खुटियारे, डॉ बसुबंधु दीवान, थलज कुमार साहू, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, सरस्वती साहू, पूनम पांडेय, रोहित सेन, चंद्रिका यादव, रामेश्वरी सेन सहित डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक उपस्थित थे।

# लावातरा हाईस्कूल का परीक्षाफल लगातार तीन वर्षों भी शत प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीते 7 मई को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा का कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक और उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के व्याख्याता भुवन लाल ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में प्रविष्ट कुल 31 विद्यार्थियों में से सभी उत्तीर्ण हुए है। कोई भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ है। इस प्रकार लगातार 3 वर्षों से परीक्षाफल शत प्रतिशत आ रहा है।

■ विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

इस वर्ष कु. राधिका साहू पिता स्व. छत्तन साहू सर्वाधिक 88% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। कु डिम्पल यादव पिता हिनेश यादव 86% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कु. तुकेश्वरी साहू पिता सुखदेव साहू 84% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार संदीप साहू 83.6%, शुभम चौहान 83.6%, चोवाराम साहू राशि 83%, दुर्गेश्वरी साहू 82.3%, लक्की साहू 81.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किए। परीक्षा में प्रविष्ट 31विद्यार्थियों में से 20 प्रथम श्रेणी एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा उत्कृष्ट रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू, पूर्व सरपंच द्वय सरजू राम साहू एवं साहेब दास कुर्रे, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला सीताराम साहू, पंच प्रतिनिधि संतराम पाटिल, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला पुष्कर परगनिहा एवं पूर्व विद्यार्थी मोहन साहू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कु. राधिका साहू, द्वितीय स्थान डिम्पल यादव एवं तृतीय स्थान कु. तुकेश्वरी साहू के घर जाकर उनका तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। आगे भी ऐसे ही मेहनत करते रहने एवं इससे भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु प्रेरित किए। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए वरिष्ठ प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला पुष्कर कुमार परगनिहा, संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे, व्याख्याता भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज खान, जमुना साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ओंकार प्रसाद साहू, शिक्षिका वीणा देवी सारथी, कुलंजन कुर्रे प्रधान पाठक सुरूजपुरा सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## पीएम सेजेस मारो की माही ने 10वीं और सुनीता ने 12वीं में बाजी मारी

**बेमेतरा/मारो।** छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 का परीक्षा परिणाम 07/05/2025 को घोषित हुए। कड़ी मेहनत लगन और सर्वोत्तम प्रयास ही सफलता का आधार होता है इसी कथन को सिद्ध करते हुए पीएम सेजेस मारो के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। जहाँ कक्षा दसवीं की परीक्षा में माही वर्मा ने 93.33%,रूपेश्वरी सेंगर 92.83%तथा रुचि श्रीवास 92.5% तथा कक्षा 12वीं के छात्रों की परीक्षा में सुनीता यादव(वाणिज्य संकाय) ने 88.4%, गौकरण ( कला संकाय) 86.6% कौशल्या( वाणिज्य संकाय) 84.4% अंको के साथ प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त अन्य छात्रों का भी प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा और विद्यालय में कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 81.4% तथा कक्षा 10 वीं का 70% रहा।



विद्यालय परिवार की ओर से छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या सरिता गुप्ता जी, छेदु सिंह ठाकुर जी,सम्माननीय शिक्षकगण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र उपस्थित थे। छात्रों ने भी हृदय से विद्यालय के शिक्षको एवं विद्यालय परिवार को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। प्राचार्या जी द्वारा छात्रों को मिष्ठान खिलाकर उनके उत्कृष्ट परिणाम हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# खमरिया के समाधान शिविर में 3905 आवेदनों का किया गया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के बेरला विकासखंड के क्लस्टर ग्राम खमरिया में अठवा सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया। क्लस्टर खमरिया सहित इसमें 11 ग्राम पंचायतें — संण्डी, बहिंगा, डंगनिया ब, बहेरघट, सत्धा, सिंधौरी, देवरबीजा, घोटमर्रा, खम्हरिया डी, और भेड़नी — शामिल रहीं।शिविर में 11 ग्राम पंचायतों से प्राप्त 3905 विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायतों के आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया और जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। साथ ही ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

■ विधायक दीपेश साहू ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित, हितग्राहियों को सामग्री वितरण की

इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मेधावी विद्यार्थियों को साल और प्रमाण पत्र भेंट किए। साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, मोची बाक्स, पासबुक और बुजुर्गों को वय वंदन कार्ड सौंपे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जल सरक्षण की शपथ दिलाई। शिविर में जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका जनमन का वितरण किया गया। **राज्य सरकार की उपलब्धियों गिनाई:** विधायक साहू ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि आम जनता को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं औचक निरीक्षण कर रहे हैं और भीषण गर्मी में भी जनता से सीधे मिलकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं तथा उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे इन शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

शिविर के प्रथम सत्र में पूर्व विधायक श्री अवधेश चंदेल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टेकचंद्र अग्रवाल, क्षेत्र के पंच, सरपंच और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद थे। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से संपर्क किया।

# प्रेरणा विद्यालय के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बेमेतरा।** सत्र 2024–25 की छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में प्रेरणा विद्यालय, ग्राम कठिया के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि कक्षा 10वीं की छात्रा सिया साहू ने 589 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर सातवाँ स्थान प्राप्त किया है, जो विद्यालय के इतिहास में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही, विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। कक्षा 10वीं में पृथुराज पांडेय ने 582 अंक (97%) अर्जित कर जिले में आठवाँ स्थान प्राप्त किया। स्वाति अग्रवाल (95.83%), मनीष सिंह (92.66%), अनिकेत कुमार (92%) और



■ सिया साहू का राज्य में 7वाँ स्थान, सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण



जतिन यदु (89%) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

### शानदार अंक किए अर्जित

इसके अलावा चित्रेश मढ़रिया, अपर्णा साहू, हिमांचल पुरी गोस्वामी एवं पृतिका गोयल ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में आकृति गोयल ने 465 अंकों के साथ 93% अंक अर्जित करते हुए जिले में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। उनके साथ आशिष कुमार खरे (88%), सिद्धि साहू (87.6%), श्रेया हिमांशु (86.8%), साधना शिवांकर (86.4%), पायल सोनी (86%), प्रणव ठाकरे (85.6%), श्रद्धा हिमांशु (84.86%) और रामानुज केजरीवाल (81%) ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए।

अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय की समग्र गुणवत्ता को और मजबूत किया है। विद्यालय की प्राचार्या रीभा चौधरी ने कहा, /"यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। प्रेरणा विद्यालय न केवल अकादमिक उत्कृष्टता, बल्कि नैतिक मूल्य व समग्र विकास को भी समान रूप से महत्व देता है।

## शहर में दो जगहों पर चेनस्नेचिंग की वारदात

**भिलाई।** युवती को चाकू दिखाकर गले में पहनी सोने के चेन को छिनकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 304(1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि क्वाटर नम्बर 8/एफ सडक 54 बालाजी नगर जोन 2 खुर्सीपार निवासी ए मीना होटल संचालिका है। 8 मई को ए मीना अपने घर से होटल जाने के लिए निकली थी। इस दौरान दो युवक सड़क 54 चौक के पास बाइक पर सवार होकर बैठे हुए थे। जैसे ए मीना पहुंची उसे चाकू उडाकर गले का चेन स्नेचिंग कर फरार हो गए।

**समाधान महाविद्यालय में हुई योग से शारीरिक व मानसिक विकास पर कार्यशाला**

# योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य होता है संतुलित : डॉ.गरिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



समाधान महाविद्यालय में योग से शारीरिक व मानसिक विकास विषय पर कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गरिमा रही। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए बताया कि आसन और प्राणायाम योग के महत्वपूर्ण अंग हैं जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। आसन शारीरिक मुद्राओं को संदर्भित करते हैं जो लचीलापन, शक्ति और संतुलन को बढ़ावा देते हैं, जबकि प्राणायाम श्वास नियंत्रण तकनीकें हैं जो मानसिक शांति और ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं। इनके नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और समग्र कल्याण में सुधार होता है। इसी क्रम में बताया कि प्राणायाम एक प्राचीन योगिक अभ्यास है, जिसके विभिन्न प्रकारों के अलग-अलग मनो-शारीरिक प्रभाव होते हैं।

**शीतली, भ्रामरी, और प्रणव प्राणायाम से विशिष्ट लाभ :** यह तनाव से संबंधित विकारों में चिकित्सकीय क्षमता रखता है और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है।

प्राणायाम के विभिन्न प्रकार जैसे शीतली, भ्रामरी, और प्रणव प्राणायाम विशिष्ट लाभ प्रदान करते हैं, जैसे कि तनाव विकार, आंखों के विकार, और चिंता विकार में राहत। प्राणायाम का नियमित और जागरूक अभ्यास योग साधना में महत्वपूर्ण है, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होती है। इसके लिए यम, नियम और आसन जैसे पूर्व चरणों का पालन आवश्यक है। जागरूकता, चेतना और विचार, शब्द और कर्म की शुद्धता के साथ प्राणायाम का समर्पित और दृढ़ अभ्यास आवश्यक है। जिससे आत्मिक उन्नति की दिशा में कदम बढ़ते हैं और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने हठ प्रदीपिका का उल्लेख करते हुए कहा कि श्वास की स्थिरता से मन की स्थिरता प्राप्त होती है। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से हमें योग की दिव्य शक्तियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम को-ऑर्डिनेट कराने में शिक्षक प्रतिनिधि आकाश हिरवानी ने भूमिका निभाई। अतिथि को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू एवं समस्त सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, नंदिनी वर्मा, रूपेंद्र डहरिया, राजेंद्र वर्मा, राजेश यादव, श्रद्धा राजपूत, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, गायत्री राजपूत व।होरीलाल देवांगन सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411